दिनांक :- 05 अक्टूबर 2023
कार्यशाला का नाम:- हिंदी कार्यशाला
कार्यशाला विशेषज्ञ का नाम :- डॉ प्रदीप कुमार जैन

कार्यशालाएँ शिक्षकों के शैक्षणिक प्रतिभा को बढ़ाने एवं प्रभावपूर्ण ढंग से कक्षा - संचालन सीखने का एक प्रभावी माध्यम है | मैं कृति कुमारी हाल ही सेंट मार्क्स वर्ल्ड स्कूल , पश्चिम विहार, नई दिल्ली में मधुबन द्वारा आयोजित हिंदी कार्यशाला में सम्मिलित हुई थी | इस ज्ञानवर्धक कार्यगोष्ठी के संचालन की भूमिका का निर्वहन डॉ प्रदीप कुमार जैन जी ने किया | उन्होंने अपने सत्र में सभी उपस्थित लोगों को सक्रिय रूप से शामिल किया और उन्हें सक्रिय शिक्षण दृष्टिकोण के महत्व को समझाया जो एक गतिशील शिक्षण स्थान के लिए अपरिहार्य है।
इस कार्यशाला ने 21वीं शताब्दी के सभी कौशलों से युक्त नई शिक्षा नीति के महत्वपूर्ण पहलुओं को बड़े ही रोचक ढंग से समझाया | इस कार्यशाला के माध्यम से मैं नई शिक्षा पद्धति - NCF 2023 की प्रमुख विशेषताओं तथापाँच चरणों वाली सीखने की प्रक्रिया "पंचादी" केनियमों से लाभान्वित हुई | इसमें आदर्श पाठ-योजना के निर्माण हेतु नवीन गतिविधियों के समावेश पर बल दिया गया | प्रत्येक उम्र एवं कक्षा के छात्रों में सभी भाषाई कौशलों का संवर्धन इस कार्यशाला का केंद्र बिंदु था |